# NSS रिपोर्ट (2024-25)

दिनांक-10/08/2024

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 10/08/2024 को नशामुक्त विषय पर पोस्टर और नारालेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। युवाओं को नशे के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करने और नशे के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की अवधारणा प्रतियोगिता के मूल में रही। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार दिए गए और महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया ने विद्यार्थियों से नारों का उच्चारण करवाया। अंत में प्रतिभागियों में जलपान का वितरण कर प्रतियोगिता का समापन किया गया।

**नारा लेखन**

प्रथम स्थान-विशाल (24HS04) बी.ए. प्रथम वर्ष

द्वितीय स्थान- पलक चौधरी (23BC04) बी.कॉम. द्वितीय वर्ष

तृतीय स्थान- अर्पण शर्मा (24BC07) बी.कॉम. प्रथम वर्ष

**पोस्टर**

प्रथम स्थान- आशीष (21BC02) बी.कॉम. तृतीय वर्ष


द्वितीय स्थान- मुस्कान (22HS06) बी.ए. तृतीय वर्ष

तृतीय स्थान- अभय (23BC12) बी.कॉम. द्वितीय वर्ष




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner







संयोजक
राष्ट्रीय सेवा योजना

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.) 176086

Scanned with OKEN Scanner

**NSS रिपोर्ट (2024-25)**


दिनांक-12/08/2024

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 12/08/2024 को 'एक पेड़ माँ के नाम' विषय पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संगीता सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और प्रकृति को माँ के रूप में देखना अति आवश्यक है। पूरे देश में पर्यावरण दिवस से ही यह अभियान जारी है जिस कड़ी में आज राजकीय महाविद्यालय शिवनगर ने अपना योगदान दिया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राचार्य महोदया डॉ संगीता सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक प्रो. योगेश पाण्डेय, प्रो. राजेश कुमार, प्रो. शिखा धरवाल, डॉ उज्ज्वल सिंह, प्रो. विवेकानंद शर्मा ने भाग लिया।




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner







Scanned with OKEN Scanner

पौधारोपण आयोजन करवाया हुआ है। ... कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा। (संस)

# शिवनगर कालेज में किया पौधारोपण



पौधारोपण के बाद शिवनगर कालेज के छात्र व शिक्षक ● जागरण

पंचरुखी : राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. संगीता सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और प्रकृति को मां के रूप में देखना अति आवश्यक है। पूरे देश में पर्यावरण दिवस से ही यह अभियान जारी है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राचार्य, एनएसएस संयोजक प्रो. योगेश पांडेय, प्रो. राजेश कुमार, प्रो. शिखा धरवाल, डा. उज्ज्वल सिंह, प्रो. विवेकानंद शर्मा ने भाग लिया। (संस)

12.50 PM

himachalmedia.co/20

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 12 अगस्त 2024 को 'एक पेड़ माँ के नाम' विषय पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संगीता सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और प्रकृति को माँ के रूप में देखना अति आवश्यक है। पूरे देश में पर्यावरण दिवस से ही यह अभियान जारी है जिस कड़ी में आज राजकीय महाविद्यालय शिवनगर ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राचार्य महोदया डॉ संगीता सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक प्रो. योगेश पाण्डेय, प्रो. राजेश कुमार, प्रो. शिखा धरवाल, डॉ उज्ज्वल सिंह, प्रो. विवेकानंद शर्मा ने भाग लिया।

संयोजक
राष्ट्रीय सेवा योजना
शिवनगर

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.) - 176086

Scanned with OKEN Scanner


# NSS रिपोर्ट (2024-25)

दिनांक-14/08/2024

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 14/08/2024 को 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संगीता सिंह ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' पर सारगर्भित व्याख्यान देते हुए तिरंगे के इतिहास से भी सभी को अवगत कराया और हर घर तिरंगा अभियान के महत्व को बताया। उसके बाद विद्यार्थियों में तिरंगा वितरण करने के साथ देशभक्ति गीत गाया गया और 'हर घर तिरंगा' रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राचार्य महोदया डॉ संगीता सिंह, डॉ शमशेर राणा, प्रो. राजेश कुमार, प्रो. शिखा धरवाल, डॉ उज्ज्वल सिंह, प्रो. विवेकानंद शर्मा और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक प्रो. योगेश पाण्डेय ने भाग लिया।




Scanned with OKEN Scanner








Scanned with OKEN Scanner




संयोजक

राष्ट्रीय सेवा योजना

शिवनगर

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.) - 176086


Scanned with OKEN Scanner

# NSS रिपोर्ट 2024-25

आज दिनांक 21/08/ 2024 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 'बजट पर चर्चा' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक योगेश पाण्डेय ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रुप में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने बजट पर सारगर्भित बीज वक्तव्य देते हुए विद्यार्थियों को बजट की उपयोगिता बताई और विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उसके बाद प्रमुख वक्ता डॉ नितिका शर्मा ने छात्र-छात्राओं से बजट पर विस्तृत और महत्वपूर्ण चर्चा की। अंत में प्रो. राजेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता सिंह, डॉ. शमशेर सिंह , प्रो. राजेश कुमार, प्रो. शिखा धरवाल, डॉ. नीतिका शर्मा, डॉ. उज्ज्वल सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक योगेश पांडेय तथा दीक्षा, मुस्कान, अभय, विनीत, विशाल, कृषिका, दीपिका, वंश आदि स्वयं सेवी व अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।




Scanned with OKEN Scanner







Scanned with OKEN Scanner

# महाविद्यालय शिवनगर में बजट पर चर्चा विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया

**लंबागांव,( आपका फैसला )**। राजकीय महाविद्यालय शिवनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में बजट पर चर्चा विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक योगेश पाण्डेय ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रुप में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने बजट पर सारगर्भित बीज वक्तव्य देते हुए विद्यार्थियों को बजट की उपयोगिता बताई और विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उसके बाद प्रमुख वक्ता डॉ नितिका शर्मा ने छात्र-छात्राओं से बजट पर विस्तृत और महत्वपूर्ण चर्चा की। अंत में प्रो. राजेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता सिंह, डॉ. शमशेर सिंह , प्रो. राजेश कुमार, प्रो. शिखा धरवाल, डॉ. नीतिका शर्मा, डॉ. उज्वल सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक योगेश पांडेय तथा दीक्षा, मुस्कान, अभय, विनीत, विशाल, कृषिका, दीपिका, वंश आदि स्वयं सेवी व अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शिवनगर कॉलेज में की बजट पर चर्चा

**लंबागांव (कांगड़ा)**। राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में बजट पर चर्चा विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को बजट की उपयोगिता बताई और बजट के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। इसके उपरांत प्रमुख वक्ता डॉ. नितिका शर्मा ने छात्र-छात्राओं से बजट पर विस्तृत और महत्वपूर्ण चर्चा की।

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.) - 176086

Scanned with OKEN Scanner

# NSS REPORT (Hindi Diwas)

आज 14/09/2024 राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में हिन्दी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आरम्भ किया गया. हिन्दी के सहायक आचार्य ने सभी का औपचारिक स्वागत किया जिसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया ने बीज वक्तव्य दिया जिसमें उन्होंने हिन्दी को डिजिटल युग से जुड़ने की बात करते हुए सभी को हिन्दी बोलने को प्रेरित किया. इसके बाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसका विवरण निम्नलिखित है-

•काव्यपाठ प्रतियोगिता

1-विवेक बी. ए. द्वितीय वर्ष

2- पलक बी. कॉम. द्वितीय वर्ष

3-स्नेह लता, बी कॉम. तृतीय वर्ष

•निबंध लेखन प्रतियोगिता

1- स्नेहलता, बी. कॉम. तृतीय वर्ष

2-कृषिका, बी. ए. प्रथम वर्ष

3- सोनाक्षी, बी. ए. प्रथम वर्ष

•पोस्टर प्रतियोगिता

1-मुस्काम बी. ए. तृतीय वर्ष

2-दीक्षा, बी. ए. तृतीय वर्ष

3-युवराज, बी. ए. द्वितीय वर्ष

कार्यक्रम में रिधि ने कहानी पाठ भी किया और डॉ. उज्ज्वल सिंह के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने हिन्दी विषय पर एक सुंदर गीत प्रस्तुत किया। डॉ. शमशेर सिंह ने प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित करते हुए पुरस्कार वितरण किया और सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में डॉ संगीता सिंह, डॉ. शमशेर सिंह, प्रो. राजेश शर्मा, डॉ. उज्ज्वला सिंह, डॉ. नीतिका शर्मा, प्रो. विवेकानंद शर्मा, प्रो. योगेश पाण्डेय, श्री मनजीत सिंह व स्वयंसेवी उपस्थित रहे।जलपान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

Scanned with OKEN Scanner








Scanned with OKEN Scanner



योगेश पाण्डेय

संयोजक NSS

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

Scanned with OKEN Scanner

## NSS Report

Date- 24/09/24

आज दिनांक 24/09/2024 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष्य में 'व्याख्यान' और 'स्वछता ही सेवा है' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक प्रो. योगेश पाण्डेय ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया। सबसे पहले महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने विद्यार्थियों को राज्य-राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित किया और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को कई सुझाव भी दिए। उसके बाद कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता प्रो. संजीव शर्मा ने अपने 14 वर्षों के एन. एस. एस. के लम्बे अनुभवों को साझा करते हुए एन. एस. एस. से सम्बंधित महत्वपूर्ण और सारगर्भित जानकारी दी और स्वच्छता और नशा मुक्ति आदि विषयों से भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराया और इनसे सम्बंधित वीडियो भी दिखाई गयी। फिर सभी स्वयं सेवियों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की और प्लास्टिक मुक्ति अभियान चलाया। अंत में सभी को जल-पान देकर कार्यक्रम समाप्त किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह, मुख्य वक्ता प्रो. संजीव शर्मा, डॉ शमशेर सिंह, प्रो. शिखा शर्मा, डॉ उज्ज्वल सिंह, डॉ नितिका शर्मा, प्रो. विवेकानंद शर्मा, प्रो. योगेश पाण्डेय व स्वयंसेवी विशाल, सुमित, आकर्षित, कृषिका, दीपिका आदि उपस्थित रहे।




Scanned with OKEN Scanner







Scanned with OKEN Scanner

safari
Starting ₹1,299/-
GRAB GOOD DEAL

काँगड़ा : आज 24 सितम्बर 2024 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष्य में 'व्याख्यान' और 'स्वछता ही सेवा है' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक प्रो. योगेश पाण्डेय ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया। सबसे पहले महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने विद्यार्थियों को राज्य-राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित किया और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को कई सुझाव भी दिए। उसके बाद कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता प्रो. संजीव शर्मा ने अपने 14 वर्षों के एन. एस. एस. के लम्बे अनुभवों को साझा करते हुए एन. एस. एस. से सम्बंधित महत्त्वपूर्ण और सारगर्भित जानकारी दी और स्वच्छता और नशा मुक्ति आदि विषयों से भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराया और

योगेश पाण्डेय
एन.एस.एस. संयोजक

प्राचार्या
राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

Scanned with OKEN Scanner

**NSS Report**


दिनांक-30/09/2024

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में दिनांक 30/09/2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश पाण्डेय के नेतृत्व में विभिन्न स्वच्छता सम्बन्धी गतिविधियों का आयोजन किया गया। 'स्वच्छता ही सेवा है' अभियान के तहत स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर को साफ किया और प्लास्टिक को इकठ्ठा करके महाविद्यालय की सफाई की। उसके बाद मैदान में उग आई झाड़ियों को भी साफ करके परिसर का सुन्दर बनाया तथा अपनी सेवा साफ-सफाई के लिए दी।




Scanned with OKEN Scanner




एन.एस.एस. संयोजक

योगेश पाण्डेय

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

एन.एस.एस. रिपोर्ट

दिनांक 10/10/2024

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर, काँगड़ा, हि. प्र. में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ध्यान शिविर और विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश पाण्डेय ने कार्यक्रम की शुरुआत की जिसमें डॉ. शमशेर सिंह ने स्वयं सेवियों को मानसिक स्वास्थ्य का महत्त्व बताते हुए मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के तरीके भी बताए। जिसके बाद कार्यक्रम अधिकारी और स्वयं सेवियों ने ध्यान लगाया और युवाओं में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ख्याल रखने की शपथ भी ली।




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




योगेश पाण्डेय

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

कार्यक्रम अधिकारी

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.) 176088

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर


# एन.एस.एस. रिपोर्ट

दिनांक-28/10/2024

आज राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा संस्कार क्लब के सहयोग से 'diwali my bharat wali' अभियान के तहत दिवाली का उत्सव मनाया गया जिसमें प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने दिवाली के बारे को बताते हुए विद्यार्थियों को सही आचरण अपनाने को प्रेरित किया जिसके बाद एनएसएस स्वयंसेवियों व अन्य विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई करके रंगोली बनाई और दीपक जलाए। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह, डॉ. शमशेर सिंह, प्रो. राजेश कुमार, प्रो. शिखा धरवाल, डॉ. उज्ज्वल सिंह, डॉ. नितिका शर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश पाण्डेय व विद्यार्थी उपस्थित रहे।




Scanned with OKEN Scanner







Scanned with OKEN Scanner




कार्यक्रम अधिकारी

एन.एस.एस.

प्राचार्या

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.)
DDO Code 230

कार्यक्रम अधिकारी

एन.एस.एस.

प्राचार्या

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

Scanned with OKEN Scanner

# एन.एस.एस रिपोर्ट

दिनांक-16/11/2024

आज दिनांक 16/11/2024 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में स्वतंत्रता सेनानी जननायक बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में 'जनजातीय गौरव रैली' का आयोजन किया गया। बिरसा मुंडा भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है कि अपने देश और स्वतंत्रता के लिए तथा अपनी प्रकृति के लिए हमें निर्भीकता के साथ संघर्ष करना चाहिए। इस अवसर पर एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश पाण्डेय ने जनजातीय गौरव दिवस की महत्ता के बारे में स्वयं सेवियों को बताया। इसके बाद महाविद्यालय परिसर से लेकर आसपास के क्षेत्र और बाज़ार में रैली निकली गयी।




Scanned with OKEN Scanner







Scanned with OKEN Scanner







योगेश पाण्डेय

एन.एस.एस. संयोजक

प्राचार्या

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.)
DDO Code 230

Scanned with OKEN Scanner


# एन.एस.एस रिपोर्ट (कैंप)


दिनांक-19/11/2024

आज दिनांक 19/11/2024 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में एन. एस. एस इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ योगेश पाण्डेय के साथ स्वयं सेवियों ने इस शिविर में सहभागिता की और महाविद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों की सफाई की।





Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner







योगेश पाण्डेय

एन.एस.एस संयोजक

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.)
DDO Code 230

प्राचार्य


राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

Scanned with OKEN Scanner

# एन.एस.एस. रिपोर्ट


दिनांक-26/11/2024

आज दिनांक 26/11/2024 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर की एन. एस. एस. इकाई द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की राजनीतिक शास्त्र की सह-आचार्य डॉ. शैलजा वासुदेवा उपस्थित रही जिनका स्वागत एन. एस. एस. अधिकारी डॉ योगेश पाण्डेय के साथ स्वयं सेवियों ने किया। मुख्य वक्ता ने संविधान दिवस का महत्त्व बताते हुए संविधान की प्रमुख विशेषताओं पर बहुत ही सरलता और विस्तार से चर्चा की। वक्तव्य के दौरान डॉ. शैलजा ने विद्यार्थियों से संवाद भी किया। जिसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने भी संविधान को जानना प्रत्येक नागरिक के लिए जरूरी है और युवाओं के लिए भी इसका बहुत ही अधिक महत्व है। इस कार्यक्रम में डॉ. शमशेर राणा, प्रो राजेश कुमार, श्री रविन्द्र कुमार व एन. एस. एस. स्वयंसेवी उपस्थित रहे।






Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




योगेश पाण्डेय
एन.एस.एस. संयोजक

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.)
DDO Code 230

Scanned with OKEN Scanner

# एन.एस.एस रिपोर्ट

दिनांक-30/11/2024

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में 'अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस' के अवसर पर रेड रिबन क्लब और एन. एस. एस इकाई द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता रैली, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, रील मेकिंग प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। 29 नवंबर 2024 को एड्स जागरूकता फैलाने के लिए रैली निकाली गयी जिसमें विद्यार्थियों ने आसपास के क्षेत्र और बाज़ार में जागरूकता फैलाई। 30 नवंबर 2024 को एड्स जागरूकता विषय पर पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता हुई जिसके विजेता हैं -

•प्रथम- रिया, बी. कॉम द्वितीय वर्ष

•द्वितीय- आयुष, बी. कॉम द्वितीय वर्ष

•तृतीय- मुस्कान, बी. ए. तृतीय वर्ष

एड्स जागरूकता सम्बंधित रील्स बनाने की प्रतियोगिता में विजेता हैं-

•प्रथम- अंशिका, बी. कॉम द्वितीय वर्ष


•द्वितीय- स्नेहलता समूह

•तृतीय- महक, बी. कॉम द्वितीय वर्ष

इसके बाद महाविद्यालय की नाट्यमंडली ने एड्स जागरूकता से सम्बंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया और सभी को डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गयी। जिसके बाद डॉ. शमशेर सिंह ने एड्स के बचाव के उपायों से छात्रों को अवगत कराया और सभी विजेता और नाट्यमण्डली को पुरस्कार भी वितरित किया गया। इस जागरूकता अभियान में डॉ. शमशेर सिंह, प्रो. राजेश कुमार, डॉ उज्ज्वल सिंह, डॉ नीतिका शर्मा डॉ योगेश पाण्डेय, श्रीमती अनीता कुमारी, श्री रविन्द्र कुमार व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner

Facebook

**एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान।**



## हिमाचल दस्तक

### पोस्टर मेकिंग में रिया प्रथम

पंचरुखी। राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस पर रेड रिबन क्लब और एनएसएस इकाई द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता रैली, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, रील मेकिंग प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग में रिया प्रथम, आयुष द्वितीय व मुस्कान तृतीय, जबकि एड्स जागरूकता संबंधित रील्स बनाने की प्रतियोगिता में अंशिका प्रथम, स्नेहलता द्वितीय व महक ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद महाविद्यालय की नाट्यमंडली ने एड्स जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

# अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस पर महाविद्यालय शिवनगर में जागरूकता रैली का आयोजन



लंबागांव ,( आपका फैसला )। राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस के अवसर पर रेड रिबन क्लब और एनएसएस इकाई द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता रैली, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, रील मेकिंग प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। 29 नवंबर 2024 को एड्स जागरूकता फैलाने के लिए रैली निकाली गई। जिसमें विद्यार्थियों ने आसपास के क्षेत्र और बाजार में जागरूकता फैलाई। 30 नवंबर 2024 को एड्स जागरूकता विषय पर पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता हुई जिसमें प्रथम रिया ,अंशिका, द्वितीय में आयुष, स्नेहलता समूह व तृतीय में मुस्कान, महक एड्स जागरूकता संबंधित रील्स बनाने की प्रतियोगिता में विजेता हैं। इसके साथ महाविद्यालय की नाट्यमंडली ने एड्स जागरूकता से सम्बंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया और सभी को डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। डॉ. शमशेर सिंह ने एड्स के बचाव के उपायों से छात्रों को अवगत कराया और सभी विजेता और नाट्यमण्डली को पुरस्कार भी वितरित किए गए। इस जागरूकता अभियान में डॉ. शमशेर सिंह, प्रो. राजेश कुमार, डॉ उज्ज्वल सिंह, डॉ नीतिका शर्मा, डॉ योगेश पाण्डेय, अनीता कुमारी, रविन्द्र कुमार व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

योगेश पाण्डेय

एन.एस.एस. संयोजक

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.)
DDO Code 230

# एन.एस.एस. रिपोर्ट

दिनांक-07/12/2024

दिनांक 06/12/2024 और 07/12/2024 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में रोवर रेंजर और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आपदा प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पहले दिन नरेंद्र कुमार, अनीता कुमारी तथा कुमारी सीमा ने वीडियो के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को आपदा के अनेक रूपों के बारे में बताते हुए उससे बचने के उपाय बताए तथा खतरों को कम करने के तरीके सुझाए। इसके साथ ही सी. पी. आर देना, सिलेंडर के धमकों को कम करना, आग से बचाव आदि के उपाय करने के तरीके प्रयोग के माध्यम से बताए जिसके साथ उप प्राचार्य डॉ शमशेर सिंह ने प्रशिक्षकों का धन्यवाद किया। दूसरे दिन के प्रशिक्षक हरजीत भूल्लर, नीतिका और कुमारी सीमा ने विद्यार्थियों को घायलों की मदद करने के तरीके बताए। घायल को सही से उठाना, सही समय पर उपचार देना, स्ट्रेचर बनाना आदि को प्रयोग के माध्यम से प्रशिक्षित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संगीता सिंह ने भी आपदा प्रबंधन को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी को उसके लिए पहले से ही तैयार रहने को जरूरी माना। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों के साथ प्राध्यापकों ने भी सहभागिता की।




Scanned with OKEN Scanner






Scanned with OKEN Scanner

# महाविद्यालय शिवनगर में दो दिवसीय आपदा प्रबंधन कार्यशाला का हुआ आयोजन

जयसिंहपुर
अतुल जसवाल
हिन्द घोष टाईम्स



राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में रोवर रेंजर और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आपदा प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पहले दिन नरेंद्र कुमार, अनीता कुमारी तथा कुमारी सीमा ने वीडियो के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को आपदा के अनेक रूपों के बारे में बताते हुए उससे बचने के उपाय बताए तथा खतरों को कम करने के तरीके सुझाए। इसके साथ ही सी. पी. आर देना, सिलेंडर के धमकों को कम करना, आग से बचाव आदि के उपाय करने के तरीके प्रयोग के माध्यम से बताए जिसके साथ उप प्राचार्य डॉ शमशेर सिंह ने प्रशिक्षकों का धन्यवाद किया। दूसरे दिन के प्रशिक्षक हरजीत भूल्लर, नीतिका और कुमारी सीमा ने विद्यार्थियों को घायलों की मदद करने के तरीके बताए। घायल को सही से उठाना, सही समय पर उपचार देना, स्ट्रेचर बनाना आदि को प्रयोग के माध्यम से प्रशिक्षित किया। शिवनगर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने भी आपदा प्रबंधन को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी को उसके लिए पहले से ही तैयार रहने को जरूरी माना। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों के साथ प्राध्यापकों ने भी सहभागिता की।

एन.एस.एस.
कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्या
राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.)
DDO Code 230

Scanned with OKEN Scanner

## एन.एस.एस. रिपोर्ट

दिनांक-10/12/2024

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर मे आज दिनांक 10/12/2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर संवाद का आयोजन किया गया। 'हमारा अधिकार, हमारा भविष्य, अभी' थीम के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने स्वयंसेवियों को सम्बोधित किया और आज के दिन की ऐतिहासिकता को बताते हुए मनवाधिकारों के प्रति भी सभी को सचेत किया। इसके बाद स्वयंसेवियों ने अपने प्रश्न रखे जिसका जवाब देते हुए प्राचार्या महोदया ने सार्थक बातचीत की। इस अवसर पर डॉ. शमशेर सिंह, प्रो. राजेश कुमार, डॉ. नीतिका शर्मा, प्रो. विवेकानंद शर्मा, एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश पाण्डेय व स्वयंसेवी उपस्थित रहे।




Scanned with OKEN Scanner







एन.एस.एस.

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्या

राजकीय महाविद्यालय, शिवनगर

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.)
DDO Code 230

Scanned with OKEN Scanner

# सप्त दिवसीय विशेष शिविर

## प्रथम दिवस

दिनांक-18/12/2024

आज दिनांक 18/12/ 2024 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में प्राचार्य-महोदया डॉ संगीता सिंह जी की अध्यक्षता में तथा कार्यक्रम डॉ योगेश पाण्डेय जी के नेतृत्व में 'युथ फॉर माय भारत' थीम पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। आज के उद्घाटन समारोह में मुख्य अथिति व प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ अजायब सिंह बनयाल, प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ सुरेश राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर प्राचार्य महोदया डॉ संगीता सिंह जी ने इस समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का विधिवत स्वगत किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से विस्तार पूर्वक अपने अनुभवों को साझा किया । उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कैसे राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका निर्वाह कर सकते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से अपील की कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर में उन्हें जो भी कार्य करने को कहा जाए वह उसे पूरे मन से करें और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाए। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में आपके व्यक्तित्व का विकास होगा और आप अच्छे समाजसेवी के रूप में बनकर उभरेंगे। इस अवसर पर प्रो राजेश कुमार, डॉ उज्ज्वल सिंह , डॉ नीतिका शर्मा, प्रो विवेकानंद शर्मा एवं अन्य स्टाफ व स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner

# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया

जयसिंहपुर
अतुल जसवाल
हिन्द घोष टाईम्स



राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में प्राचार्य- डॉ. संगीता सिंह की अध्यक्षता में तथा कार्यक्रम डॉ. योगेश पाण्डेय के नेतृत्व में युथ फॉर माय भारत थीम पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। आज के उद्घाटन समारोह में मुख्य अथिति व प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. अजायब सिंह बनयाल, प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुरेश राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर प्राचार्य महोदया डॉ. संगीता सिंह जी ने इस समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का विधिवत स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से विस्तार पूर्वक अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कैसे राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका निर्वाह कर सकते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से अपील की कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर में उन्हें जो भी कार्य करने को कहा जाए वह उसे पूरे मन से करें और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाए। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में आपके व्यक्तित्व का विकास होगा और आप अच्छे समाजसेवी के रूप में बनकर उभरेंगे। इस अवसर पर प्रो राजेश कुमार, डॉ उज्ज्वल सिंह, डॉ. नीतिका शर्मा, प्रो. विवेकानंद शर्मा एवं अन्य स्टाफ व स्वयंसेवी उपस्थित रहे।




एन.एस.एस.
कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्या
राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.)
DDO Code 230


Scanned with OKEN Scanner

# एन. एस. एस. विशेष शिविर

## दूसरा दिन


दिनांक-19/12/2024

आज राजकीय महाविद्यालय में दिनांक 19/12/2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ योगेश पाण्डेय के साथ स्वयंसेवियों ने दूसरे दिन की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ प्रार्थना व योग करके की। इसके बाद प्रत्येक टीम ने अपने कार्य को करते हुए महाविद्यालय की साफ -सफाई की, एन. एस. एस. वाटिका तैयार की और अन्य विभिन्न कार्य किए। भोजन के बाद आज का बौद्धिक सत्र आयोजित हुआ जिसके मुख्य अथिति व वक्ता प्रो राजेश कुमार में 'बायो-डाटा बनाना' विषय पर स्वयं सेवियों संक्षिप्त विवरण देते हुए रोजगार प्राप्त करने में इसके महत्त्व को बताया तथा बायोडाटा बनाने की तकनीक भी इंट्रेक्टिव पैनल के माध्यम से बताई। स्वयं सेवियों ने अनेक प्रश्न भी किए जिसका जवाब देते हुए मुख्य वक्ता ने अनेक महत्वपूर्ण सलाह भी दी। इसके बाद स्वयं सेवियों ने मुख्य अथिति का धन्यवाद करते हुए संस्कृत कार्यक्रमों का आयोजन किया और खेल-कूद में भी भाग लिया।




Scanned with OKEN Scanner




एन.एस.एस.

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्या

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.)
DDO Code 230


Scanned with OKEN Scanner

# राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय शिविर

## तीसरा दिन

दिनांक-20/12/2024

आज दिनांक 20/12/2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के तीसरे दिन का आरम्भ योग, ध्यान और व्यायाम के साथ किया गया। चाय के बाद निर्धारित टीम ने अपने अपने कार्य को किया। 12 बजे बौद्धिक सत्र में डॉ. शमशेर सिंह ने 'राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका और एन. एस. एस. विषय पर ज्ञानवर्धक और उत्साह उत्पन्न कर देने वाला व्याख्यान दिया जिसके बाद सभी स्वयंसेवियों ने भोजन किया। भोजन के पश्चात निर्मित की जा रही एन. एस. एस. वाटिका को में काम किया गया। शाम के जलपान के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवियों ने अपने हुनर प्रस्तुत किया।




Scanned with OKEN Scanner







एन.एस.एस.

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.)
DDO Code 230

Scanned with OKEN Scanner

# राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय शिविर

## चौथा दिन

दिनांक-21/12/2024

आज दिनांक 21/12/2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के चौथे दिन का आरम्भ योग, ध्यान और व्यायाम के साथ किया गया। चाय के बाद निर्धारित टीम द्वारा आबंटित कार्य को किया गया। 12 बजे बौद्धिक सत्र में दो वक्ता मौजूद रहे। डॉ. उज्ज्वल सिंह ने 'मानसिक स्वास्थ्य में संगीत का महत्त्व' विषय पर तथा प्रो. विवेकानंद शर्मा ने छात्र जीवन में योग का महत्त्व विषय पर विस्तृत और सारगर्भित व्याख्यान दिया जिसे भारतीय ज्ञान परम्परा से जोड़ते हुए युवाओं में भारतीय ज्ञान के प्रति रूचि जागृत करने पर भी जोर रहा। जिसके बाद सभी स्वयंसेवियों ने भोजन किया। भोजन के पश्चात अन्य कार्य करने के बाद खेल का आयोजन किया गया। शाम के जलपान के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवियों ने अपने संगीत, नृत्य, काव्यपाठ कर अपना हुनर प्रस्तुत किया।




Scanned with OKEN Scanner







एन.एस. एस.

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.)
DDO Code 230

Scanned with OKEN Scanner

# राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय शिविर

## पांचवा दिन


दिनांक-22/12/2024

आज दिनांक 22/12/2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के पांचवे दिन का आरम्भ योग, ध्यान और व्यायाम के साथ किया गया। चाय के बाद निर्धारित टीम ने अपने अपने कार्य को किया। 12 बजे बौद्धिक सत्र में राजकीय महाविद्यालय बड़ोह से वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुरजीत कुमार ने 'डिजिटल लेटरेसी' विषय पर पी. पी. टी. प्रस्तुत की जिसके माध्यम से डिजिटल लिटरेसी का आज के समय में युवाओं के लिए महत्त्व बताते हुए उसकी चुनौतियों को भी बताया और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से छात्रों को रूबरू कराया। इस दौरान स्वयं सेवियों ने मुख्य वक्ता से बातचीत भी की। इस अवसर पर विशिष्ट अथिति के रूप में प्रो. शिखा धरवाल भी उपस्थित रहीं। जिसके बाद सभी स्वयंसेवियों ने भोजन किया। भोजन के पश्चात महाविद्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्र में सफाई की गयी। शाम के जलपान के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे स्वयंसेवियों ने अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत किया।



Scanned with OKEN Scanner




एन.एस.एस.

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.)
DDO Code 230


Scanned with OKEN Scanner

# राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय शिविर

## छठा दिन

दिनांक-23/12/2024

आज दिनांक 23/12/2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के छठे दिन का आरम्भ योग, ध्यान और व्यायाम के साथ किया गया। चाय के बाद निर्धारित टीम ने अपने अपने कार्य को किया। 12 बजे बौद्धिक सत्र में डॉ. नीतिका शर्मा ने 'सशक्त महिला: सशक्त समाज' विषय पर सहज, व्यावहारिक और ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया जिसमें स्वयं सेवियों से बातचीत भी की गयी। इस दौरान एन. एस. एस द्वारा समतामूलक समाज के योगदान को भी रेखांकित किया गया जिससे युवाओं में स्त्री-पुरुष का भेद मिट सके और भारत की विकास यात्रा अधिक गति पकडे। जिसके बाद सभी स्वयंसेवियों ने भोजन किया। भोजन के पश्चात अन्य कार्य किए गए। शाम के जलपान के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवियों ने अपने हुनर प्रस्तुत किया।




Scanned with OKEN Scanner







एन.एस.एस.

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय, शिवनगर

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.)
DDO Code 230

Scanned with OKEN Scanner

## एन. एस. एस शिविर का समापन

## सातवाँ दिन

दिनांक-24/12/2024

आज दिनांक 24/12/2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के सातवें दिन 'समापन सत्र' का आरम्भ योग, ध्यान और व्यायाम के साथ किया गया। चाय के बाद सभी टीम ने सभी सामान व काम को समेट कर अंतिम रूप दिया। भोजन के बाद मुख्य अथिति व प्रमुख वक्ता के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संगीता सिंह का स्वागत सभी स्वयं सेवियों न स्मृति चिन्ह देकर किया। मुख्य वक्ता ने एन. एस एस में सभी स्वयंसेवियों के कार्य की सराहना करते हुए उनसे बातचीत भी की और कुछ प्रमुख सलाह भी दी। इसके साथ ही एन. एस एस द्वारा बनाई गयी वाटिका की विशेष सराहना की। जिसके बाद सातों दिन की रिपोर्ट स्वयंसेवी कृषिका द्वारा प्रस्तुत की गयी और अन्य स्वयं सेवियों ने अपने अपने अनुभव भी साझा किए। अंत में डॉ शमशेर सिंह ने औपचारिक धन्यवाद दिया। इस अवसर पर डॉ नीतिका शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश पाण्डेय व स्वयंसेवी विशाल, सोनाक्षी, आकर्षित, खुशबू, सुहानी आदि उपस्थित रहे।




Scanned with OKEN Scanner







एन.एस.एस.

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्या

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.)
DDO Code 230

Scanned with OKEN Scanner

## NSS Report

**Date-18/02/2025**

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में सी. एस. सी. ए. एवं एन. एस. एस. के संयुक्त तत्वाधान में 17-18 फरवरी को दो दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 'प्रकृति संरक्षण' विषय पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों में पहले दिन चित्रकला और रंगोली की प्रतियोगिता हुई जिसमें पर्यावरण अनुकूल रंगों का प्रयोग किया गया जिसमें निम्नलिखित प्रतिभागी विजेता रहे -

चित्रकला प्रतियोगिता

प्रथम- मुस्कान, बी. ए. तृतीय वर्ष

द्वितीय- यामिनी, बी. कॉम. द्वितीय वर्ष

तृतीय- अभय,बी. कॉम. द्वितीय वर्ष

रंगोली प्रतियोगिता

प्रथम- विवेक, सिया

द्वितीय- सोनाक्षी, पलक

तृतीय- वंश, प्रीति

दूसरे दिन छात्रों के बीच भाषण प्रतियोगिता और नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण पर भाषण के द्वारा अपने अपने मत रखे और सार्थक नारे सुंदरता के साथ लिख। दोनों कार्यक्रमों के विजेता निम्नलिखित हैं-

भाषण प्रतियोगिता

प्रथम- विवेक, बी. ए. द्वितीय वर्ष

द्वितीय- पलक, बी. कॉम द्वितीय वर्ष

तृतीय- सोनाक्षी, बी. ए. प्रथम वर्ष

नारा लेखन प्रतियोगिता

प्रथम- मुस्कान, बी. ए. तृतीय वर्ष

द्वितीय- अंशिका, बी. कॉम. द्वितीय वर्ष

तृतीय- महक, बी. कॉम. द्वितीय वर्ष

Scanned with OKEN Scanner

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने पर्यावरण का हमारे जीवन में महत्त्व बताते हुए उसके प्रबंधन और संरक्षण पर जोर दिया। इस अवसर पर डॉ. उज्ज्वल सिंह, डॉ नीतिका शर्मा, प्रो. विवेकानंद शर्मा, प्रो. योगेश पाण्डेय उपस्थित रहे।







Scanned with OKEN Scanner

# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

**लंबागांव, (आपका फैसला)।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में सीएससीए एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में 17-18 फरवरी को दो दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रकृति संरक्षण विषय पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों में चित्रकला, रंगोली भाषण प्रतियोगिता नारा लेखन प्रतियोगिता हुई । पहले दिन चित्रकला प्रतियोगिता में मुस्कान ने पहला, यामनी दूसरा ,अभय तीसरा स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में विवेक, सिया ने पहला, सोनाक्षी पलक ने दूसरा वंश और प्रीति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दूसरे दिन भाषण और नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में विवेक ने पहला स्थान, पलक ने दूसरा, सोनाक्षी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन में मुस्कान पहला स्थान, अंशिका ने दूसरा, महक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया । कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने पर्यावरण का हमारे जीवन में महत्त्व बताते हुए उसके प्रबंधन और संरक्षण पर जोर दिया। इस अवसर पर डॉ. उज्ज्वल सिंह, डॉ. नीतिका शर्मा, प्रो. विवेकानंद शर्मा, प्रो. योगेश पाण्डेय उपस्थित रहे।

NSS, P.O.

Principal

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.)
DDO Code 230

Scanned with OKEN Scanner

# एन.एस.एस रिपोर्ट

दिनांक-१३/०३/२०२५

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में 13/03/2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना की शिवनगर इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालयी परिसर में किया गया। इस शिविर में स्वयंसेवियों ने परिसर की साफ-सफाई कर कूड़ा-करकट हटाया और एन. एस. एस. वाटिका को संवारा। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में सभी स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाई।




Scanned with OKEN Scanner










एन.एस.एस.

संयोजक

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.)
DDO Code 230

Scanned with OKEN Scanner